शिविर में 106 यूनिट रक्तदान

शाहपुरा, (नि.सं.)। युवा समाजसेवी एवं युवा नेता प्रवीण सोनी के जन्मदिन पर प्रवीण सोनी मित्र मण्डल एवं सहयोग सेवार्थ फ़ाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में शिव शक्ति धर्मशाला में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान 106 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। अतिथियों ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

आर.पी.एस.सी. में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया

अजमेर, (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग में राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संयुक्त सचिव आशुतोष गुप्ता ने आयोग कार्मिकों को मतदाताओं द्वारा ली जाने वाली शपथ दिलाई। कार्यक्रम में भारत निर्वाचन आयोग का थीम सांग 'मैं भारत हूं 'भी बजाया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गुप्ता ने कहा कि भारत में चुनाव आयोग की स्थापना के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। हमारे संविधान द्वारा देश की जनता को मतदान का महत्वपूर्ण अधिकार प्रदान किया गया है। यह अधिकार ही सशक्त लोकतंत्र का आधार है। आवश्यक है कि हम सभी निर्वाचनों के दौरान अपने मताधिकारों का प्रयोग करें साथ ही अन्य व्यक्तियों को भी जागरूक करें।

विधि परामर्शी भंवर भदाला ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य सभी व्यक्तियों को मतदान एवं युवा वर्ग को मतदाता पंजीकरण के प्रति प्रोत्साहित करना है। यह दिवस भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि, भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है।

कार्यक्रम में मंच संचालन अनुभाग अधिकारी दिनेश सिंगोदिया द्वारा किया गया। इस दौरान आयोग के वरिष्ठ उपसचिव, उपसचिव, सहायक सचिव, अनुभाग अधिकारियों सहित समस्त कार्मिक भी उपस्थित रहे।

ए.डी.ए. ने कमाए 16.89 करोड़

अजमेर, (कासं)। अजमेर विकास प्राधिकरण ने बुधवार को पंचशील नगर, हरिभाऊ उपाध्याय नगर मुख्य, कोटडा, बी.के. कौल नगर एवं पृथ्वीराज नगर योजना के 15 भूखण्डों की बिक्री से 16.89 करोड़ रूपए की कमाई की।

एडीए आयुक्त अक्षय गोदारा ने बताया कि पंचशील नगर आवासीय योजना में प्रारम्भिक बोली 48 हजार प्रति वर्गमीटर के विरूद्ध 74 हजार 500, 45 हजार के विरुद्ध 63 हजार 950 तक की अंतिम बोली प्राप्त हुई। प्राधिकरण को तीन दिनों में 26.92 करोड़ रूपए की आय प्राप्त हुई।

नागौर की दीवारें पेंटिंग से निखरी

नागौर, (नि.सं.)। नागौर की बीआर मिर्धा कॉलेज एवं अन्य स्कूल, कॉलेज के उत्साही युवा इन दोनों जिला मुख्यालय की दीवारों को संवार रहे हैं। इस काम में लगे इन युवक-युवतियों को जिला प्रशासन भी प्रोत्साहित कर रहा है। जिला मुख्यालय पर इन दिनों रेलवे स्टेशन से निकास दरवाजा और कलक्ट्रेट चौराहा से मानासर चौराहा तथा मिर्धा कॉलेज तक पेंटिंग हो रही है। कॉलेज के युवा दीवारों को पेंटिंग से सजा रहे हैं। जिला प्रशासन के सहयोग से पेंटिंग में लगे युवक युवतियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

वार्षिक समारोह आयोजित

अजमेर, (कासं)।राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य महेन्द्र सिंह रलावता ने कहा कि चरित्र निर्माण विद्यार्थियो का सर्वश्रेष्ठ धेय होना चाहिए ताकि वह राष्ट्रीय भावना के साथ अपने भविष्य का निर्माण कर सके।

रलावता बुधवार को अजमेर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हाथीखेडा, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बोराज तथा महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय वैशाली नगर में आयोजित वार्षिक समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। समारोह के स्कूलो के प्राचार्य सुनिता शर्मा (हाथीखेडा स्कूल), शिव सुमन चौहान (बोराज स्कूल) एवं विजय लक्ष्मी यादव (वैशाली नगर स्कूल) ने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी देते हुए अतिथियो का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान रलावता ने प्रतिभाशाली छात्रो को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पार्षद गजेन्द्र सिंह रलावता, सरपंच लाल सिंह रावत, मांगी लाल रावत, छोटी सिंह रावत, वचन सिंह रावत, कन्नू सिंह बोराज, पीयूस सुराणा आदि मौजूद रहे।

वहीं अजमेर शहर के वार्ड नम्बर 66, दाता नगर स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह हर्षोल्लास से मनाया।

मुख्य अतिथि पूर्व पार्षद गणेश चौहान, विशिष्ठ अतिथि समाजसेवी डॉ . एसडी मिश्रा, सोहनवीर सिंह, प्रधानाचार्य जवार उ . मा . विद्यालय, अम्बिका हेडा, सुषमा खण्डेलवाल, सुमन भाटी, सुआ लाल, डॉ. सोरभ कंवर राजावत, एस एम सी अध्यक्ष महावीर सिंह आदि का प्रधानाध्यापिका आभा व स्टाफ ने अतिथियों का माला व पुष्प भेट कर स्वागत किया।

साधु ने व्यापारी को बातों में उलझाकर लूटा

भीलवाड़ा, (नि.सं.)। जिले के शाहपुरा में एक अज्ञात साधु ने एक व्यापारी को गुमराह कर उसके हाथ में पहनी सोने की कीमती अंगूठी लूट ली।,

कुंडगेट इलाके में स्थित एक हार्डवेयर की दुकान पर व्यापारी शुभम काबरा से अज्ञात साधु ने भिक्षा की मांग की जिसके बाद व्यापारी ने साधु को 10 का नोट दियां साधु ने अपनी बातों में उलझा कर व्यापारी के हाथ में पहनी 9 ठाम सोने की करीब 50000 कीमत की अंगूठी उतरवा दी और अपने मुंह में डाल दी इसके बाद व्यापारी ने इसका विरोध किया और उसका फोटो अपने मोबाइल में खींच लिया और पुलिस को बुलाने की बात कही जिस पर साधु ने डरकर अंगूठी वापस दे दी। लेकिन कुछ देर बाद ही व्यापारी के पास रखी अंगूठी को साधु ने फिर से उसको अपनी बातों में उलझाकर उसे अपने वश में करके वापस ले ली और वहां से फरार हो गया। व्यापारी ने पूरे कस्बे में साधु की तलाश की लेकिन वो कहीं नहीं मिला। व्यापारी शुभम काबरा ने अपनी पत्नी के साथ शाहपुरा थाने में पंहुचकर इस संबंध में एक रिपोर्ट दी है। अज्ञात साधु दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे व व्यापारी के मोबाइल कैमरे में कैद हो गया है।

छेड़छाड़ व रेप के केस दर्ज

भीलवाड़ा, (नि.सं.)। शहर के पुर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग के साथ एक व्यक्ति के द्वारा अश्लील हरकतें कर छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। वहीं आरोपित की पत्नी ने इस नाबालिग पीड़िता के भाई पर दबाव बनाकर रेप करने के आरोप लगाये हैं। पुर थाना पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर क्रॉस केस दर्ज कर लिये।

पुर थाना प्रभारी शिवराज गुर्जर ने बताया कि 17 साल की एक नाबालिग लड़की ने रिपोर्ट दी कि आरोपित 6-7 माह पहले उसके घर आया। उसके साथ अश्लील हरकतें की। उसे बूरा लगा तो वह भागकर रसोई में चली गई। इसके बाद आरोपित उसके साथ रास्ते में भी छेड़छाड़ करता। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि आरोपित ने उसे जातिगत अपमानित भी किया। वहीं नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपित की पत्नी ने भी पुर थाने में केस दर्ज करवाया।

रानी सती के मेहंदी लगाई

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। दादी न्यास परिवार की और से मयूरा सिटी स्थिति दादी धाम मंदिर में आयोजित आठ दिवसीय मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत भजन गायक आयुष त्रिपाठी मुंबई व अर्पणा अग्रवाल पूना द्वारा राणी सती को मेहंदी लगाकर सुमधुर भजनों की प्रस्तुती दी गई।

अपार जनसमूह की मौजूदगी में भजन गायक आयुष ने मेरी दादी मेरे घर आई, सब मिल बाटो बधाई, मैया तेरे चरणों की यह रज सहित कई भजन प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। पूना से आई अपर्णा ने मेहंदी रची थारा हाथों में, हल्दी लगाओ रे मैया के हल्दी लगाओ आदि भजन गाकर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। पांडाल में मौजूद सुहागनों ने सामूहिक रूप से रानी सती दादी के हाथों व पैरों मे मेंहदी लगाई।

इस मौके पर पवन गोयल ब्यावर वाले, सी ए मालचंद अग्रवाल, पवन अग्रवाल गोंद वाले, प्रो. एस के बंसल, विष्णु बंसल पिंगलोद, सर्वेश्वर बंसल पिंगलोद, न्यास सदस्य सहित अजमेर, ब्यावर, भीलवाड़ा, जयपुर, कोलकत्ता से आये भक्त उपस्थित रहे। अध्यक्ष आनंदीलाल भरतिया ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। मंच संचालन राजेन्द्र अग्रवाल जावला ने किया। अंत में सभी को प्रसाद वितरित किया। 26 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा महामहोत्सव पर दोपहर 1 बजे से दादी का मंगल पाठ कुंदन मिश्रा मुम्बई द्वारा किया जायेगा।

जहाजपुर कॉलेज में छात्र संघ कार्यालय का उद्घाटन

भीलवाड़ा, (नि.सं.)। जिले के जहाजपुर में राजकीय महाविद्यालय में प्रथम बार हुए छात्रसंघ चुनाव मे विजय छात्रसंघ अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सचिव का महाविद्यालय परिसर मे शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि के तौर पर राज्यमंत्री धीरज गुर्जर ने शिरकत की। वहीं इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का स्वागत किया गया।

वहीं राज्य मंत्री गुर्जर ने महाविद्यालय के अध्यक्ष लोकेश मीणा उपाध्यक्ष मोनिका सचिव राजाराम गुर्जर को शपथ दिलाकर पदभार ग्रहण करवाया। गुर्जर ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि प्रथम बार हुए चुनाव में जो भी एनएसयूआई से पदाधिकारी बने हैं वह छात्र व छात्राओं के हितों में कार्य करें और महाविद्यालय में पढने वाले सभी छात्र छात्राओं को अपने परिवार के जैसा मान कर एक दूसरे का साथ दें। राज्य मंत्री ने छात्रसंघ कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। जहाजपुर महाविद्यालय की प्राचार्य शिखा जगवाल ने सभी को संबोधित करते हुए बताया कि महाविद्यालय के लिए राजस्थान सरकार द्वारा नए कॉलेज के लिए 6 करोड रुपए स्वीकृत किए गए हैं। विद्या संबल योजना के तहत जो भी शिक्षकों की नियुक्ति की उस से कॉलेज में शिक्षण कार्य सुचारू रूप से शुरू हुआ। महाविद्यालय 2018-19 में जहाजपुर क्षेत्र में खुला। महाविद्यालय में बहुत सारी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। महाविद्यालय के पास अभी सीमित संसाधन व बिल्डिंग नहीं होने के उपरांत भी निरंतर कक्षाएं चल रही है, लगभग साड 550 छात्र-छात्राएं नियमित अध्ययन कर रहे हैं। महाविद्यालय भी सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा आवंटित 7 कमरों में चल रहा है। महाविद्यालय का नवनिर्माण प्रगति पर है, जैसे ही महाविद्यालय का नवीन भवन निर्माण पूर्ण होते ही अपने स्वयं के भवन में स्थापित होगा। ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, सरपंच देवराज गुर्जर, पंडेर सरपंच ममता मुकेश जाट, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अक्षय गुर्जर, पार्षद नजीर मोहम्मद सरवड़ी, पार्षद जानू पठान, पार्षद सिराज मोहम्मद, पार्षद परवेज खान, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष लतीफ मोहम्मद, व्यापार मंडल अध्यक्ष ज्वाला प्रसाद अग्रवाल महावीर मालू, संत कुमार शर्मा, पार्षद अनिल उपाध्याय, बाबूलाल खटीक आदि मौजूद रहे।

तीर्थ यात्रियों की ट्रेन रवाना

अजमेर, (कासं)। राजस्थान सरकार देवस्थान विभाग द्वारा संचालित वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2022 के अन्तर्गत बुधवार को अजमेर से रामेश्वरम की पहली विशेष ट्रेन अजमेर रेलवे स्टेशन से रामेश्वरम के लिए रवाना हुई। इस ट्रेन में अजमेर संभाग से कुल 700 (अजमेर जिले के 400 एवं भीलवाड़ा जिले के 300) यात्रियों को रामेश्वरम - मदुरई की यात्रा के लिए भेजा गया।

देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त गिरीश कुमार बचानी ने बताया कि अजमेर रेलवे स्टेशन से अजमेर जिले के 400 वरिष्ठजन रामेश्वरम यात्रा के लिए इस ट्रेन के द्वारा भेजे गये। राज्य सरकार की इस योजना का संचालन देवस्थान विभाग द्वारा आईआरसीटीसी के माध्यम से किया जाता है। यह यात्रा सात दिवसीय यात्रा है।

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

Tel No. 01462-285665 Email Add. npbeawar@gmail.com

क्रमांक/नजूल/22-23/खांचा भूमि आपत्ति आमंत्रण सूचना/PSKG/11469 दिनांक- 24.1.2023

आपत्ति आमंत्रण सूचना

श्री राजेन्द्र कुमार पुत्र श्री मुरलीधर सिंधी निवासी ब्यावर ने नगर परिषद ब्यावर मे वाणिज्यिक भूखण्ड संख्या 20 श्रद्धानंद बाजार ब्यावर से लगती हुई खांचा भूमि क्षेत्रफल 15'-9'×5'-0''×1/9 =8.75 वर्गगज कय करने हेतु आवेदन किया है, जिसकी सीमाए निम्नानुसार है-

पूर्व में - दुकान रूपचन्द महादेवमल की पश्चिम में - प्रिति प्लाजा
उत्तर में - आम सड़क श्रद्धानंद बाजार दक्षिण में - आवेदक की भूमि

अत: इस खांचा भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस के भीतर-भीतर नगर परिषद, ब्यावर में प्रस्तुत करे। तत्पश्चात् कोई भी आपत्ति विचारणीय नहीं होगी सूचित रहे। आयुक्त नगर परिषद ब्यावर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

न.नि.अ./22-23/एम.बी.2481 दिनांक: 23-01-2023

आपति सूचना

श्रीमती रश्मि चौधरी पत्नी श्री सुबे सिंह चौधरी निवासी छोटा सिलावट मौहल्ला अजमेर द्वारा एक सम्पति भूखण्ड/सम्पति संख्या 05 जो सम्पति ए.एम.सी. नं. 299 बी/45 का एक भाग है जो खसरा नं. 1263 का भाग है जो वाकै थोक तेलियान पंचौली चौराहा पुष्कर रोड, अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 42.97 व.मी. है भूमि के आवासीय से व्यावसायिक वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नानुसार है।

पूर्व - रास्ता आम पुष्कर रोड पश्चिम - प्राईवेट सम्पत्ति
उत्तर - शेष भाग भूखण्ड संख्या 06 दक्षिण - शेष भाग भूखण्ड संख्या 04

अत: जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

न.नि.अ./22-23/एम.बी.2478 दिनांक: 23-01-2023

आपति सूचना

श्री राम भाउ पुत्र श्री गोविन्द राव निवासी गुरूनानक स्कूल रोड स्वपनिक जनरल स्टोर के पास गोविन्द पुरम जी ब्लॉक अजमेर द्वारा एक भूखण्ड/सम्पति संख्या 45 का भाग सी जो खसरा नम्बर 2321 का एक भाग है जो वाकै माकड़वाली गॉव रोड थोक तेलियान अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 83.64 व.मी. है भूमि के आवासीय से व्यावसायिक वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नानुसार है।

पूर्व - 30 फुट चौड़ा रोड गोमा का हद्धा पश्चिम - अन्य भूखण्ड
उत्तर - भूखण्ड संख्या डी दक्षिण - भूखण्ड संख्या बी

अत: जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

न.नि.अ./22-23/एम.बी.2480 दिनांक: 23-01-2023

आपति सूचना

श्रीमती रश्मि चौधरी पत्नी श्री सुबे सिंह चौधरी निवासी छोटा सिलावट मौहल्ला अजमेर द्वारा एक सम्पति भूखण्ड/सम्पति संख्या 04 जो सम्पति ए.एम.सी. नं. 299 बी/45 का एक भाग है जो खसरा नं. 1263 का भाग है जो वाकै थोक तेलियान पंचौली चौराहा पुष्कर रोड, अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 43.04 व.मी. है भूमि के आवासीय से व्यावसायिक वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नानुसार है।

पूर्व - रास्ता आम पुष्कर रोड पश्चिम - प्राईवेट सम्पत्ति
उत्तर - शेष भाग भूखण्ड संख्या 05 दक्षिण - शेष भाग भूखण्ड संख्या 03

अत: जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

न.नि.अ./22-23/एम.बी.2479 दिनांक: 23-01-2023

आपति सूचना

श्री राम भाउ पुत्र श्री गोविन्द राव निवासी गुरूनानक स्कूल रोड स्वपनिक जनरल स्टोर के पास गोविन्द पुरम जी ब्लॉक अजमेर द्वारा एक भूखण्ड/सम्पति संख्या 45 का भाग ई जो खसरा नम्बर 2321 का एक भाग है जो वाकै माकड़वाली गॉव रोड थोक तेलियान अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 83.64 व.मी. है भूमि के आवासीय से व्यावसायिक वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नानुसार है।

पूर्व - 30 फुट चौड़ा रोड गोमा का हद्धा पश्चिम - अन्य भूखण्ड
उत्तर - अन्य दक्षिण - भूखण्ड संख्या डी

अत: जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

न.नि.अ./22-23/एम.बी.2486 दिनांक: 24-1-23

आपति सूचना

श्रीमति बबीता जैन पत्नी स्व. श्री नरेन्द्र कुमार जैन निवासी 390/30 हाथीभाटा कचहरी रोड, अजमेर द्वारा एक सम्पति भूखण्ड / सम्पति संख्या सी - 1 (सी-एक) जो खसरा नं. 2251 का भाग है जो वाकै अभियन्ता नगर के समीप चौरसियावास रोड अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 250.83 व. मी. हैं भूमि के आवासीय से व्यावसायिक वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं । प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नानसार हैं।

पूर्व - भूखण्ड संख्या सी-2 पश्चिम - 60 फुट चौड़ी सड़क
उत्तर - 20 फुट चौड़ी सड़क दक्षिण - भूखण्ड श्री सोलोमन

अत: जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

न.नि.अ./22-23/एम.बी.2488 दिनांक: 25-1-23

संशोधित आपति सूचना

श्री जितेन्द्र चेलारामानी पुत्र श्री वाशदेव चेलारामानी निवासी 75 हरिभाउ उपाध्याय नगर मुख्य कोटड़ा अजमेर एवं श्री इन्दर पारवानी पुत्र श्री हरीश पारवानी निवासी 24 अभियन्ता नगर चौरसियावास रोड वैशाली नगर अजमेर द्वारा एक सम्पति भूखण्ड/सम्पति जिसका ए.एम.सी. नं. 234/4 = 21/9 22/15 नया नं. 69/18 अंकित है जो वाकै मिट्ठनलाल का चौक पुरानी मंडी अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 94.50 व.मी. है भूमि के आवासीय से व्यावसायिक वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नानुसार है।

पूर्व - श्री अनिल कुमार अग्रवाल की सम्पत्ति पश्चिम - पैसेज/गली आम
उत्तर - श्री अनिल कुमार अग्रवाल की सम्पत्ति दक्षिण - रास्ता आम

अत: जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

नोट पूर्व में जारी पत्रांक ननिअ / एम.बी./2485 दिनांक 24.01.23 में जारी आपत्ति सूचना में भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 209.10 व.मी. त्रुटि से अंकन हो गया था, भूखण्ड को कुल क्षेत्रफल 94.50 व.मी. है। अत: भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 94.50 वर्गमीटर अंकित करते हुये पुन: संशोधित आपत्ति सूचना प्रकाशित किये जाने बाबत। उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कुचेरा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय की अनुपयोगी/नकारा सामान पुस्तक मूल्य राशि रू. 187742/- जहां जैसी स्थिति में है कि नीलामी कार्यालय परिसर में दिनांक 06.02.2023 को दोपहर 3.00 बजे उपस्थित कमेटी के समक्ष की जायेगी। इच्छुक बोलीदाता निर्धारित तिथि व समय को नीलामी स्थल पर निर्धारित धरोहर राशि रू. 500/- जमा करवाकर नीलामी कार्यवाही में भाग ले सकता है। नीलामी की शर्तों व जानकारी के लिए कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है।

प्रभारी एवं चिकित्सा अधिकारी, सीएचसी कुचेरा

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

क्रमांक : अविप्रा / प.3/ भू.उ.परि. / 2023/ 251/3016 दिनांक : 25.01.2023

सार्वजनिक सूचना

नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, राजस्थान सरकार की अधिसूचना क्रमांक प. 11(8) नविवि/2020 दिनांक 24.02.2021 एवं अजमेर विकास प्राधिकरण अधिनियम 2013 के अंतर्गत निम्नांकित भूमि का आवासीय से सामान्य व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन हेतु प्रस्तावित किया गया है :-

क्र. सं.	नाम आवेदक	योजना का नाम	प्लॉट नं.	कुल क्षेत्रफल	जोनल डवलपमेंट प्लान 2033 (जोन-2) के अनुसार भू-उपयोग	स्वीकृत भू-उपयोग	चाहा गया भू-उपयोग
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	श्री हासम खान पुत्र श्री रहमान खान	राजस्व ग्राम चौरसियावास	खसरा संख्या-1736 से 1740,1788, 1760,1769 से 1771,1754 से 1757 भूखण्ड संख्या-01	476.25 वर्ग गज	मिश्रित	आवासीय	सामान्य व्यवसायिक

उपरोक्त भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने पर किसी संस्था / व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 15 दिवस में अपनी आपत्ति कारण / विवरण सहित अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर में दर्ज करावें अन्यथा अवधि के उपरान्त किसी भी आपत्ति या सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा। सदस्य सचिव (भू-उपयोग परिवर्तन समिति), अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय आवासीय अभियन्ता राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक: 2392 जाहिर आम सूचना दिनांक: 25.01.2023

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 10/23 वैशाली नगर अजमेर योजना में श्री रामनारायण मीणा पुत्र श्री बिरदी चन्द मीणा को आवंटित कर दिनांक 26.11.1988 को मकान का भौतिक कब्जा सौपा गया था। श्री रामनारायण मीणा पुत्र श्री बिरदी चन्द मीणा द्वारा दि. 23.03.1993 को उप पंजीयक कार्यालय द्वारा पंजीयन करवा लिया गया हैं। श्री रामनारायण मीणा पुत्र श्री बिरदी चन्द मीणा ने श्री रघुनन्दन उपाध्याय पुत्र श्री भागचन्द उपाध्याय को मुख्तयारनाम आम नियुक्त किया गया। श्री रघुनन्दन उपाध्याय पुत्र श्री भागचन्द उपाध्याय ने आवास का बैचान श्रीमती हेमलता जोधानी पत्नि श्री चन्दर जोधानी को कर दिया गया था। श्रीमती हेमलता जोधानी पत्नि श्री चन्दर जोधानी ने पुन: आवास का बैचान श्री अशोक कुमार पुत्र श्री कन्हैयालाल, सुश्री मीरा पुत्री श्री कन्हैया लाल एवम् श्रीमती मोहिनी पत्नि श्री कन्हैयालाल को दिनांक 12.10.2000 को कर दिया गया था। श्री अशोक कुमार, सुश्री मीरा एवम् श्रीमती मोहिनी के पक्ष में मण्डल द्वारा परस्पर विक्रय के पश्चात् नामान्तरण के कार्यालय आदेश दिनांक 27.11.2018 को जारी किये गये। सुश्री मीरा कारवानी की मृत्यु दिनांक 14.07.2019 एवं श्रीमती मोहिनी कारवानी की मृत्यु दिनांक 21.03.2019 को हो जाने के कारण श्रीमती मोहिनी कारवानी के पुत्र एवम् सुश्री मीरा कारवानी के भाई श्री विजय कुमार पुत्र स्व. श्री कन्हैयालाल द्वारा मृत्यु पश्चात् आवास हस्तान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। श्री विजय कुमार पुत्र स्व. श्री कन्हैयालाल के पक्ष में श्रीमती नानकी लालवानी पत्नी श्री हकुम लालवानी एवम् विद्या कारवानी पुत्री स्व. श्री कन्हैयालाल द्वारा हक त्याग पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। श्री अशोक कुमार पुत्र श्री कन्हैयालाल द्वारा भी अपनी सहमति हेतु घोषणा पत्र भी कार्यालय में प्रस्तुत कर दिया गया हैं। इस आधार पर श्री विजय कुमार पुत्र स्व. श्री कन्हैयालाल द्वारा उक्त आवास में श्री अशोक कुमार पुत्र श्री कन्हैयालाल के साथ स्वंय का नाम भी जोड़े जाने हेतु कार्यालय में आवेदन किया गया हैं। श्री विजय कुमार पुत्र स्व. श्री कन्हैयालाल ने उक्त आवास से संबंधित मृत्यु हस्तान्तरण प्रपत्र प्रस्तुत कर श्री अशोक कुमार पुत्र श्री कन्हैयालाल के साथ स्वयं का नाम भी जोड़े जाने हेतु कार्यालय में आवेदन किया गया हैं। श्री अशोक कुमार पुत्र श्री कन्हैयालाल के साथ श्री विजय कुमार पुत्र स्व. श्री कन्हैयालाल का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन हैं। अत: उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी / आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी। आवासीय अभियंता, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड अजमेर

कार्यालय नगर पालिका आसीन्द जिला भीलवाड़ा (राज.)

क्रमांक : नपाआ/2023/5332 दिनांक : 24-01-2023

गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी 2023 के शुभ अवसर पर नगर पालिका आसीन्द की ओर से सभी पालिकावासियों को हार्दिक शुभकामनायें

श्रीमान जब्बर सिंह सांखला
विधायक आसीन्द-हुरडा

विक्रम सिंह चुंडावत
उपाध्यक्ष नगरपालिका

पार्षद गण- श्री कैलाश भील, श्री गोपाल लाल गुर्जर, श्रीमति पुष्पा कंवर, श्री गणेश लाल मेहता, श्री मुनीर गत्री शेख, श्रीमती रईसा बेगम, श्री भंवर लाल चौरडिया, श्री संजय मेवाड़ा (नेता प्रतिपक्ष), श्रीमती कौशल्या